कार्यालय नगर निगम,देहरादून।
निविदा सूचना

नगर निगम देहरादून द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु दक्ष, अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों (राज्य अथवा केन्द्र सरकार के शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग में पंजीकृत) के निर्धारित प्रपत्रों पर सीलबंद तकनीकी व वित्तीय निविदा निम्न विवरण अनुसार दिनांक 21.5-18 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22.5.18 को समिति के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य में दक्ष फर्मो को इस हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। केवल तकनीकी बिड में अनुमोदित/क्वालीफाईड होने के उपरान्त ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।

नि0 सं0	कार्य का नाम	आंगणन राशि	धरोहर राशि	निविदा शुल्क (वाणिज्य कर सहित)	अवधि
1	स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण (एक सीटर)	रू0 1808556.00	रू0 36000.00	1680.00	6 माह

निविदा फार्म एवं शर्ते नगर निगम देहरादून कार्यालय के अभियंत्रण विभाग से दि0 20.5.18 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र नगर निगम की बैवसाईट www.nagarnigamdehradun.com से डाउन लोड कर निविदा शुल्क ड्राफ्ट के साथ पूर्ण विवरण सहित रजिस्टर्ड डाक/कोरियर से दि0 20.5.18 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक भेज सकते हैं। धरोहर धनराशि वरिष्ठ वित अधिकारी, नगर निगम देहरादून के नाम प्लेज करना होगा। निविदा निर्माण अनुभाग में स्वय अथवा डाक/स्पीड पोस्ट से भेजी जा सकती है। डाक व्यवस्था से हुए विलम्ब हेतु नगर निगम उत्तरदायी नहीं होगा।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

पत्रांक – 511/सा0नि0वि0/न0नि0/दे0दून/18 दिनांकः– 1.05.18

प्रतिलिपिः–

1. मा0 महापौर महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी देहरादून को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ विभागों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. सम्पादक, पाईनियर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को न्यूनतम क्षेत्रफल में आगामी देहरादून संस्करण में पूर्व में निर्धारित दरों पर प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां निःशुल्क बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. सम्पादक हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को न्यूनतम क्षेत्रफल में आगामी देहरादून संस्करण में पूर्व में निर्धारित दरों पर 30 प्रतिशत छूट देते हुए प्रकाशित कर बिल एवं समाचार की तीन प्रतियां निःशुल्क बिल भुगतान हेतु नगर निगम को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. आई0टी0 ऑफिसर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त कार्य की निविदा संबंधित समस्त विवरण नगर निगम की वेबसाईट **www.nagarnigamdehradun.com** पर अपलोड करें।
6. नोटिस बोर्ड, नगर निगम देहरादून पर चस्पा करने हेतु।

01/5/18

नगर आयुक्त,
नगर निगम, देहरादून।